संख्या-15/20/95-का-4-2006

प्रेषक,

नवीन चन्द्र बाजपेई,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवामें,

1.महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।
2.सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक : 20 सितम्बर, 2006

विषयः-समस्त सेवाओं में समयबद्ध रूप से चयन सुनिश्चित कराया जाना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक समसंख्यक शासनादेश दिनांक 17 अगस्त, 2006 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश के प्रस्तर-2 के क्रमांक-4 पर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा-2007 की समयसारिणी अंकित की गयी है। सिविल अपील संख्या-1867/2006 मलिक मजहर सुलतान तथा एक अन्य प्रति लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश तथा अन्य में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 03 अप्रैल, 2006 को पारित निर्णय के अनुपालन में आगामी सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षाओं हेतु निम्न समयसारिणी के अनुसार चयन कराये जाने का निर्णय लिया गया है :-

(1) उच्च न्यायालय द्वारा रिक्तियों की गणना कर शासन को सूचित किया जाना।	जुलाई
(2) शासन द्वारा आयोग को अधियाचन भेजे जाने की तिथि	07 सितम्बर तक
(3) आयोग द्वारा विज्ञापन जारी करने की तिथि	15 सितम्बर
(4) आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अन्तिम तिथि	13 अक्टूबर
(5) प्रारम्भिक परीक्षा की तिथि	15 दिसम्बर
(6) प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम घोषित करने की तिथि	30 जनवरी
(7) मुख्य परीक्षा की तिथि	15 मार्च
(8) मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित करने की तिथि	30 जून
(9) साक्षात्कार की तिथि	16 अगस्त से
(10) अन्तिम परिणाम घोषित करने की तिथि	31 अगस्त
(11) नियुक्तियां	15 अक्टूबर तक

2. उपर्युक्त समयसारिणी में विचलन अपरिहार्य परिस्थितियों यथा माननीय न्यायालय के किसी विशिष्ट निर्णय / आदेश तथा शासन के किसी विशिष्ट निर्णय के आधार पर किया जा सकेगा।

3. कृपया उक्त समयसारिणी के अनुसार चयन/नियुक्ति की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(नवीन चन्द्र बाजपेई)
मुख्य सचिव ।

संख्या-15/20/95(1)का-4-2006, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के अनुरोध के साथ प्रेषितः-

(1) प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।
(2) नियुक्ति अनुभाग-4

आज्ञा से,

(उमेश सिन्हा)
सचिव ।